Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to expedite gauge conversion of Udaipur city-Ahmedabad railway line via Dungarpur-Himmatnagar -laid.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): मैं केन्द्र सरकार का ध्यान अपने लोकसभा क्षेत्र उदयपुर में रेल आमान-परिवर्तन की तरफ दिलाना चाहता हूँ। उदयपुर सिटी को अहमदाबाद वाया डूंगरपुर-हिम्मतनगर (गुजरात) से जोड़ने के लिए सरकार ने बड़ी रेल लाइन आमान-परिवर्तन का कार्य शुरु किया था, मगर पिछले कई वर्षों से रेल आमान-परिवर्तन का कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। इस धीमी गति से कार्य चलने की वजह से उदयपुर का व्यवसायी, आम नागरिक, उदयपुर आने वाले पर्यटकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मैं सरकार से मांग करता हूँ कि उदयपुर वाया डूंगरपुर-हिम्मतनगर रेल लाइन आमान-परिवर्तन का काम जल्दी पूरा करायें साथ ही ओवरब्रिज/अण्डरब्रिज, सुरंग, रेलवे स्टेशन के कार्य की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी के लिए विशेष निगरानी समिति बनाकर इनके बकाया कार्यों की पूर्ति के लिए योजना बनाकर जल्द से जल्द यह मार्ग चालू करवाये ताकि उदयपुर की आम जनता, व्यवसायी और पर्यटकों को राहत मिल सके।